Series HMJ/3

SET-1

कोड नं.
Code No. 67/3/1

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **39** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **32** questions. |
| (IV) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) | Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पूरी तरह से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र* ***दो*** *भागों में विभाजित किया गया है –* ***भाग क*** *एवं* ***भाग ख*** *। इस प्रश्न-पत्र में* ***32*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***भाग क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* ***भाग ख*** *में दो विकल्प दिए गए हैं (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा (2) अभिकलित्र लेखांकन । इसमें दिए गए विकल्पों में से आप किसी* ***एक*** *विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***चयनित*** *विकल्प के प्रश्नों का उत्तर आरम्भ करने से पूर्व उत्तर-पुस्तिका पर चयन किए गए* ***विकल्प का शीर्षक*** *अवश्य लिखिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***13*** *तथा* ***23*** *से* ***29*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***14*** *और* ***30*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***15*** *से* ***18*** *तथा* ***31*** *लघु-उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या* ***19, 20*** *तथा* ***32*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न संख्या* ***21*** *और* ***22*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***8*** *अंकों का है ।*

*(x)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए । किसी भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

*(xi)* *कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालांकि तीन-तीन अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में, चार-चार अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में, छः-छः अंकों वाले* ***1*** *प्रश्न में और आठ-आठ अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है । आपको ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना है ।*

*(xii)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक भाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## भाग क

## (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** पुनीत तथा दीपक साझेदारी में थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उन्होंने मान्या को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया । मान्या ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए ₹ 1,00,000 लाई, जिसे पूर्ण रूप से पुनीत के पूँजी खाते में क्रेडिट कर दिया गया । प्रवेश की तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया गया । पुनीत, दीपक तथा मान्या के नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना कीजिए । *1*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises **two** Parts – **A** and **B**. There are **32** questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iii)* ***Part B** has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements and (2) Computerized Accounting. You have to attempt only **one** of the given options.*

*(iv)* ***Heading of the option** opted must be written on the Answer-Book before attempting the questions of that particular **OPTION**.*

*(v)* *Question nos. **1** to **13** and **23** to **29** are very short answer type questions carrying **1** mark each.*

*(vi)* *Question nos. **14** and **30** are short answer type–I questions carrying **3** marks each.*

*(vii)* *Question nos. **15** to **18** and **31** are short answer type–II questions carrying **4** marks each.*

*(viii)* *Question nos. **19**, **20** and **32** are long answer type–I questions carrying **6** marks each.*

*(ix)* *Question nos. **21** and **22** are long answer type–II questions carrying **8** marks each.*

*(x)* *Answers should be brief and to the point. The answer of each part should be written at one place.*

*(xi)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of three marks, **2** questions of four marks, **1** question of six marks and **2** questions of eight marks. You have to attempt only one of the choices in such questions.*

*(xii)* *However, separate instructions are given with each part and question, wherever necessary.*

## PART A

**(Accounting for Not-for-Profit Organizations, Partnership Firms and Companies)**

**1.** Puneet and Deepak were in partnership sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. They admitted Manya as a new partner. Manya brought ₹ 1,00,000 as her share of goodwill premium, which was entirely credited to Puneet's capital account. On the date of admission, goodwill of the firm was valued at ₹ 3,00,000. Calculate the new profit sharing ratio of Puneet, Deepak and Manya. *1*

**2.** निम्न में से कौन-सी पूँजीगत प्राप्ति है ? *1*

(A) चन्दा

(B) उपयोग की गई खेलकूद सामग्री की बिक्री

(C) बन्दोबस्ती कोष

(D) प्रवेश शुल्क

**3.** अभिदत्त पूँजी होती है : *1*

(A) पंजीकृत पूँजी का वह भाग जिसे जनता को अभिदान के लिए निर्गमित किया गया है ।

(B) निर्गमित पूँजी का वह भाग जो वास्तव में जनता द्वारा अभिदत्त किया गया है ।

(C) अभिदत्त पूँजी का वह भाग जिसे अंशों के लिए माँगा गया है ।

(D) अभिदत्त पूँजी का वह भाग जिसे अंशों के लिए अभी तक माँगा नहीं गया है ।

**4.** अशोक तथा सुधा एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उन्होंने बानी को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया । अशोक ने अपने भाग का $\frac{1}{4}$वाँ भाग तथा सुधा ने अपने भाग का $\frac{1}{4}$वाँ भाग बानी के पक्ष में त्याग दिया । फर्म के लाभों में बानी का भाग होगा : *1*

(A) $\frac{5}{8}$

(B) $\frac{1}{8}$

(C) $\frac{1}{4}$

(D) $\frac{7}{16}$

**5.** निम्न में से कौन-सा कथन प्राप्ति तथा भुगतान खाते के लिए सही ***नहीं*** है ? *1*

(A) यह रोकड़ बही का सारांश है ।

(B) यह केवल आयगत प्रकृति की प्राप्तियों तथा भुगतानों का लेखा करता है ।

(C) प्राप्तियाँ तथा भुगतान चालू वर्ष, पिछले वर्ष अथवा आने वाली अवधियों से सम्बन्धित हो सकते हैं ।

(D) इसमें मूल्यह्रास नहीं दर्शाया जाता ।

**6.** अभिदत्त पूँजी का वह भाग जो अभी तक माँगा नहीं गया है ___________ कहलाता है । *1*

**2.** Which of the following is a capital receipt ? *1*

(A) Subscriptions
(B) Sale of used sports material
(C) Endowment fund
(D) Entrance fees

**3.** Subscribed capital is : *1*

(A) That part of authorised capital which is issued to the public for subscription.
(B) That part of issued capital which has been actually subscribed by the public.
(C) That part of subscribed capital which has been called up on the shares.
(D) That part of subscribed capital which has not yet been called up on the shares.

**4.** Ashok and Sudha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1. They admitted Bani as a new partner. Ashok sacrificed $\frac{1}{4}$th of his share and Sudha sacrificed $\frac{1}{4}$th of her share is favour of Bani. Bani's share in the profits of the firm will be : *1*

(A) $\frac{5}{8}$
(B) $\frac{1}{8}$
(C) $\frac{1}{4}$
(D) $\frac{7}{16}$

**5.** Which of the following statements is ***not*** true for Receipts and Payments Account ? *1*

(A) It is a summary of the Cash Book.
(B) It records receipts and payments of revenue nature only.
(C) The receipts and payments may relate to current, preceding, or succeeding accounting periods.
(D) Depreciation is not shown in it.

**6.** That part of the subscribed capital which has not yet been called is known as ___________ . *1*

7. रजत, मीशी तथा तनवी एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 अक्टूबर, 2019 को तनवी की मृत्यु हो गई । साझेदारी संलेख के अनुसार, पिछले लेखांकन वर्ष की समाप्ति से उसकी मृत्यु की तिथि तक फर्म में उसके लाभ के भाग की गणना मृत्यु से पूर्व दो पूर्ण वर्षों के कुल लाभों के आधार पर की जाएगी । 31 मार्च, 2018 तथा 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्षों के लिए फर्म का लाभ क्रमशः ₹ 57,000 तथा ₹ 63,000 था । फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करती है । उसकी मृत्यु की तिथि तक तनवी के लाभ का भाग होगा : *1*

(A) ₹ 24,000

(B) ₹ 7,000

(C) ₹ 14,000

(D) ₹ 12,000

8. व्यवसाय के क्रय के समय शुद्ध परिसम्पत्तियों से क्रय मूल्य की अधिकता को : *1*

(A) पूँजीगत संचय में क्रेडिट किया जाता है ।

(B) ख्याति खाते में डेबिट किया जाता है ।

(C) सामान्य संचय खाते में क्रेडिट किया जाता है ।

(D) विक्रेता (बेचने वाले) के खाते में क्रेडिट किया जाता है ।

9. निदेशकों द्वारा वास्तव में माँगे जाने से पूर्व अंशधारकों से प्राप्त अग्रिम प्रथम याचना राशि को : *1*

(A) अग्रिम याचना खाते में डेबिट किया जाता है ।

(B) शेयर आबंटन खाते में क्रेडिट किया जाता है ।

(C) प्रथम याचना खाते में डेबिट किया जाता है ।

(D) अग्रिम याचना खाते में क्रेडिट किया जाता है ।

10. प्रीमियर लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 2,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया, जिनका शोधन पाँच वर्षों के पश्चात् 10% प्रीमियम पर करना था । ऋणपत्र शोधन निवेश में निवेश की जाने वाली न्यूनतम राशि होगी : *1*

(A) ₹ 30,000

(B) ₹ 33,000

(C) ₹ 50,000

(D) ₹ 2,00,000

**7.** Rajat, Mishi and Tanvi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Tanvi died on 31st October, 2019. According to the partnership agreement, her share of profits from the closure of last accounting year till the date of her death was to be calculated on the basis of aggregate profits of two completed years before death. Profits of the firm for the years ending 31st March, 2018 and 31st March, 2019 were ₹ 57,000 and ₹ 63,000 respectively. The firm closes its books on 31st March every year. Tanvi's share of profits till the date of her death will be : *1*

(A) ₹ 24,000

(B) ₹ 7,000

(C) ₹ 14,000

(D) ₹ 12,000

**8.** Excess value of net assets over purchase consideration at the time of purchase of business is : *1*

(A) Credited to the Capital Reserve.

(B) Debited to the Goodwill Account.

(C) Credited to the General Reserve Account.

(D) Credited to the Vendor's Account.

**9.** First call amount received in advance from the shareholders before it is actually called up by the directors is : *1*

(A) Debited to calls-in-advance account.

(B) Credited to share allotment account.

(C) Debited to first call account.

(D) Credited to calls-in-advance account.

**10.** Premier Ltd. issued 2,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at par, redeemable after five years at a premium of 10%. The minimum amount invested in Debenture Redemption Investments will be : *1*

(A) ₹ 30,000

(B) ₹ 33,000

(C) ₹ 50,000

(D) ₹ 2,00,000

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

**11.** 'आहरण पर ब्याज' ₹ 4,000 के लेनदेन के लिए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : *1*

**रोज़नामचा**

| तिथि | विवरण | खा. ब. पृ. | नाम ₹ | जमा ₹ |
|---|---|---|---|---|
| | ........................... नामे, | | 4,000 | |
| | ................................ | | | 4,000 |
| | (आहरण पर ब्याज लगाया) | | | |

**12.** 1 अप्रैल, 2018 को मैत्रयी क्लब का पुरस्कार कोष ₹ 8,00,000 था । इसने वर्ष में पुरस्कारों पर ₹ 8,70,000 की राशि व्यय की । 31 मार्च, 2019 को स्थिति विवरण में पुरस्कार कोष का शेष होगा : *1*

(A) ₹ 70,000

(B) ₹ 8,00,000

(C) (₹ 70,000)

(D) शून्य

**13.** वैश्य लिमिटेड ने बैंक ऑफ इण्डिया से ₹ 25,00,000 का ऋण लेने के लिए संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ₹ 100 प्रत्येक के 30,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन किया । ऋणपत्रों को संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित करने की रोज़नामचा प्रविष्टि में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : *1*

**वैश्य लिमिटेड**

**रोज़नामचा**

| तिथि | विवरण | खा. ब. पृ. | नाम ₹ | जमा ₹ |
|---|---|---|---|---|
| | ...................... खाता नामे, | | ............ | |
| | ......................... खाता | | | ............ |
| | (₹ 25,00,000 के ऋण के लिए ₹ 30,00,000; 10% ऋणपत्रों का संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमन) | | | |

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

**11.** Fill in the blanks for the transaction 'Interest on drawings' ₹ 4,000. *1*

**Journal**

| Date | Particulars | L.F. | Dr. ₹ | Cr. ₹ |
|---|---|---|---|---|
| | ...................................... Dr. | | 4,000 | |
| | To ............................. | | | 4,000 |
| | (Being Interest on drawings charged) | | | |

**12.** On 1st April, 2018, Maitreyi Club had a Prize Fund of ₹ 8,00,000. It incurred expenses on prizes amounting to ₹ 8,70,000 during the year. The balance of Prize Fund in the Balance Sheet as at 31st March, 2019 will be : *1*

(A) ₹ 70,000

(B) ₹ 8,00,000

(C) (₹ 70,000)

(D) Zero

**13.** Vashya Ltd. issued 30,000, 10% Debentures of ₹ 100 each as collateral security for a loan of ₹ 25,00,000 taken from Bank of India. Fill in the blanks for the journal entry for issue of debentures as a collateral security : *1*

**Vashya Ltd.**

**Journal**

| Date | Particulars | L.F. | Dr. ₹ | Cr. ₹ |
|---|---|---|---|---|
| | ................................ A/c Dr. | | .......... | |
| | To ............................. A/c | | | .......... |
| | (Being ₹ 30,00,000; 10% debentures issued as collateral security for a loan of ₹ 25,00,000) | | | |

**14.** श्यामजी चैरिटेबल सोसाइटी से संबंधित निम्न विवरणों से, 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्ति तथा भुगतान खाता तैयार कीजिए : *3*

| विवरण | राशि ₹ |
|---|---|
| 1.4.2018 को रोकड़ हस्ते | 16,000 |
| 1.4.2018 को बैंक में रोकड़ | 28,000 |
| चन्दा (2017 – 18 का ₹ 11,000 सम्मिलित) | 60,000 |
| भवन के लिए दान | 2,90,000 |
| विविध व्यय | 98,000 |
| लॉकर किराया | 32,000 |
| प्रवेश शुल्क | 41,000 |

**अथवा**

एक अस्पताल की दी गई सूचना से वर्ष 2018 – 19 में उपभोग की गई दवाइयों की राशि की गणना कीजिए : *3*

| विवरण | राशि ₹ |
|---|---|
| दवाइयों के क्रय के लिए भुगतान | 5,10,000 |
| क्रय की गई दवाइयों के लेनदार : | |
| 1.4.2018 को | 34,000 |
| 31.3.2019 को | 29,000 |
| दवाइयों का स्टॉक : | |
| 1.4.2018 को | 86,000 |
| 31.3.2019 को | 39,000 |
| दवाइयों के आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम : | |
| 1.4.2018 को | 26,000 |
| 31.3.2019 को | 32,000 |

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

**14.** From the following particulars relating to Shyamji Charitable Society, prepare a Receipts and Payments Account for the year ending 31st March, 2019 : *3*

| Particulars | Amount ₹ |
|---|---|
| Cash in hand as on 1.4.2018 | 16,000 |
| Cash at bank as on 1.4.2018 | 28,000 |
| Subscriptions (including ₹ 11,000 for 2017 – 18) | 60,000 |
| Donations for building | 2,90,000 |
| Miscellaneous expenses | 98,000 |
| Locker rent | 32,000 |
| Entrance fees | 41,000 |

**OR**

From the given information of a hospital, calculate the amount of medicines consumed during the year 2018 – 19 : *3*

| Particulars | Amount ₹ |
|---|---|
| Payment for purchase of medicines | 5,10,000 |
| Creditors for medicines purchased : | |
| On 1.4.2018 | 34,000 |
| On 31.3.2019 | 29,000 |
| Stock of Medicines : | |
| On 1.4.2018 | 86,000 |
| On 31.3.2019 | 39,000 |
| Advance to suppliers of medicines : | |
| On 1.4.2018 | 26,000 |
| On 31.3.2019 | 32,000 |

**15.** वीना तथा सोमेश एक फर्म के साझेदार थे तथा उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 1,00,000 तथा ₹ 80,000 थी । 1 अप्रैल, 2019 को उन्होंने फर्म के भावी लाभों में $\frac{1}{4}$वें भाग के लिए निशा को एक नया साझेदार बनाया । निशा अपनी पूँजी के लिए ₹ 90,000 लाई । निशा ने अपने भाग का $\frac{1}{12}$वाँ भाग वीना से तथा शेष सोमेश से लिया ।

फर्म की ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए तथा निशा के प्रवेश पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *4*

**अथवा**

आशा, रीना तथा चाहत एक फर्म की साझेदार थीं तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं । 31 मार्च, 2019 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2019 को आशा, रीना तथा चाहत का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 12,00,000 | संयंत्र तथा मशीनरी | | 14,80,000 |
| सामान्य संचय | | 2,00,000 | स्टॉक | | 2,20,000 |
| पूँजी : | | | विविध देनदार | 2,60,000 | |
| | | | घटा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 20,000 | 2,40,000 |
| आशा | 3,00,000 | | बैंक | | 60,000 |
| रीना | 2,00,000 | | | | |
| चाहत | 1,00,000 | 6,00,000 | | | |
| | | 20,00,000 | | | 20,00,000 |

1 अप्रैल, 2019 से आशा, रीना तथा चाहत ने भावी लाभों को बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय लिया । इसके लिए यह सहमति हुई कि :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,50,000 किया गया ।

(ii) डूबत ऋण ₹ 40,000 के थे । देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 5% की दर से प्रावधान करना था ।

फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों का लेखा करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *4*

**15.** Veena and Somesh were partners in a firm with capitals of ₹ 1,00,000 and ₹ 80,000 respectively. They admitted Nisha on 1st April, 2019 as a new partner for $\frac{1}{4}$th share in the future profits of the firm. Nisha brought ₹ 90,000 as her capital. Nisha acquired her share as $\frac{1}{12}$th from Veena and the remaining from Somesh.

Calculate the value of goodwill of the firm and pass the necessary journal entries on Nisha's admission. *4*

**OR**

Asha, Rina and Chahat were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Their Balance Sheet as at 31st March, 2019 was as follows :

**Balance Sheet of Asha, Rina and Chahat as at 31st March, 2019**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 12,00,000 | Plant and Machinery | | 14,80,000 |
| General Reserve | | 2,00,000 | Stock | | 2,20,000 |
| Capitals : | | | Sundry Debtors | 2,60,000 | |
| | | | Less Provision for doubtful debts | 20,000 | 2,40,000 |
| Asha | 3,00,000 | | Bank | | 60,000 |
| Rina | 2,00,000 | | | | |
| Chahat | 1,00,000 | 6,00,000 | | | |
| | | 20,00,000 | | | 20,00,000 |

Asha, Rina and Chahat decided to share future profits equally with effect from 1st April, 2019. For this, it was agreed that :

(i) Goodwill of the firm be valued at ₹ 1,50,000.

(ii) Bad debts amounted to ₹ 40,000. A provision for doubtful debts was to be made @ 5% on debtors.

Pass the necessary journal entries to record the above transactions in the books of the firm. *4*

**16.** नीना तथा सारा एक फर्म की साझेदार थीं तथा उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 5,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थी । यह पाया गया कि 6% वार्षिक दर से 31 मार्च, 2018 तथा 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले दो वर्षों के पूँजी पर ब्याज की खतौनी साझेदारों के जमा पक्ष में कर दी गई जबकि साझेदारी संलेख में ऐसा कोई प्रावधान नहीं था । पिछले दो वर्षों के दौरान उनका लाभ-विभाजन अनुपात था :

| | |
|---|---|
| 2017 – 18 | 4 : 5 |
| 2018 – 19 | 5 : 1 |

अपने कार्य को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए, अशुद्धि के शोधन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *4*

**17.** अदिति, कार्तिक तथा टीना एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2019 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2019 को अदिति, कार्तिक तथा टीना का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 96,000 | फर्नीचर | 4,30,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | 1,50,000 |
| अदिति | 3,00,000 | | देनदार | 83,000 |
| कार्तिक | 2,00,000 | | नगद | 33,000 |
| टीना | 1,00,000 | 6,00,000 | | |
| | | 6,96,000 | | 6,96,000 |

1 नवम्बर, 2019 को अदिति की मृत्यु हो गई । यह सहमति हुई कि :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,00,000 किया जाए ।

(ii) वर्ष 2019 – 20 का लाभ पिछले वर्ष 2018 – 19 के लाभ के आधार पर अर्जित हुआ माना जाए । वर्ष 2018 – 19 का लाभ ₹ 96,000 था ।

(iii) आधी राशि का भुगतान अदिति के निष्पादकों को तुरन्त कर दिया गया तथा शेष आधे का भुगतान 6% वार्षिक ब्याज दर के साथ दो समान वार्षिक किश्तों में किया जाएगा ।

मृत्यु की तिथि पर फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों का लेखा करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *4*

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

**16.** Neena and Sara were partners in a firm with fixed capitals of ₹ 5,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. It was discovered that interest on capital @ 6% p.a. was credited to the partners for the two years ending $31^{st}$ March, 2018 and $31^{st}$ March, 2019 whereas there was no such provision in the partnership deed. Their profit sharing ratio during the last two years was :

| | |
|---|---|
| 2017 – 18 | 4 : 5 |
| 2018 – 19 | 5 : 1 |

Showing your workings clearly, pass the necessary adjustment entry to rectify the error. *4*

**17.** Aditi, Kartik and Tina were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On $31^{st}$ March, 2019, their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Aditi, Kartik and Tina as at $31^{st}$ March, 2019**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 96,000 | Furniture | 4,30,000 |
| Capitals : | | | Stock | 1,50,000 |
| Aditi | 3,00,000 | | Debtors | 83,000 |
| Kartik | 2,00,000 | | Cash | 33,000 |
| Tina | 1,00,000 | 6,00,000 | | |
| | | 6,96,000 | | 6,96,000 |

Aditi died on $1^{st}$ November, 2019. It was agreed that :

(i) Goodwill of the firm be valued at ₹ 1,00,000.

(ii) Profit for the year 2019 – 20 be taken as having accrued at the same rate as the previous year 2018 – 19. Profit for the year 2018 – 19 was ₹ 96,000.

(iii) Half the amount was paid to Aditi's executors immediately and the remaining half will be paid in two equal annual instalments with interest @ 6% p.a.

Pass the necessary journal entries to record the above transactions in the books of the firm on the date of her death. *4*

**18.** 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फ्रेन्ड्स क्लब के दिए गए प्राप्ति तथा भुगतान खाते तथा अतिरिक्त सूचना से, 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष का आय तथा व्यय खाता तैयार कीजिए ।

**31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फ्रेन्ड्स क्लब का प्राप्ति तथा भुगतान खाता**

| प्राप्तियाँ | | राशि ₹ | भुगतान | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| शेष नीचे लाए | | 50,400 | फर्नीचर (1.12.2018 को क्रय) | 1,20,000 |
| दान | | 44,000 | वेतन | 1,00,000 |
| पुरानी खेलकूद सामग्री का विक्रय | | 2,000 | सचिव का मानदेय | 4,000 |
| चन्दा : | | | पुस्तकें | 44,000 |
| 2017 – 18 | 1,600 | | शेष नीचे ले गए | 15,000 |
| 2018 – 19 | 60,000 | | | |
| 2019 – 20 | 5,000 | 66,600 | | |
| प्रवेश शुल्क | | 1,20,000 | | |
| | | 2,83,000 | | 2,83,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

(i) 1 अप्रैल, 2018 को क्लब के पास परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के निम्न शेष थे : फर्नीचर ₹ 1,00,000; अदत्त चन्दा ₹ 2,000 तथा अदत्त वेतन ₹ 6,000.

(ii) क्लब के 75 सदस्य थे तथा प्रत्येक ₹ 1,000 वार्षिक चन्दा देता है ।

(iii) फर्नीचर पर 10% प्रति वर्ष की दर से मूल्यह्रास लगाना है । *4*

**19.** वसुधा तथा दीवान एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2019 को फर्म का विघटन हो गया । परिसम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़कर) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में स्थानान्तरित करने के पश्चात् निम्न लेनदेन हुए :

(i) ₹ 60,000 अंकित मूल्य के निवेशों को खुले बाज़ार में ₹ 63,000 में बेचा गया तथा इसके लिए दलाल को ₹ 700 कमीशन का भुगतान किया गया ।

(ii) ₹ 65,000 के लेनदारों का निपटान उन्हें पूर्ण स्टॉक देकर तथा ₹ 23,000 चैक द्वारा भुगतान करके किया गया ।

**18.** From the given Receipts and Payments Account and additional information of Friends Club for the year ended 31st March, 2019, prepare Income and Expenditure Account for the year ending 31st March, 2019.

**Receipts and Payments Account of Friends Club for the year ending 31st March, 2019**

| Receipts | | Amount ₹ | Payments | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| To Balance b/d | | 50,400 | By Furniture (Purchased on 1.12.2018) | 1,20,000 |
| To Donations | | 44,000 | By Salaries | 1,00,000 |
| To Sale of old sports material | | 2,000 | By Secretary's honorarium | 4,000 |
| To Subscriptions : | | | By Books | 44,000 |
| 2017 – 18 | 1,600 | | By Balance c/d | 15,000 |
| 2018 – 19 | 60,000 | | | |
| 2019 – 20 | 5,000 | 66,600 | | |
| To Entrance fees | | 1,20,000 | | |
| | | 2,83,000 | | 2,83,000 |

*Additional Information :*

(i) On 1st April, 2018 the Club had the following balances of assets and liabilities :
Furniture ₹ 1,00,000; Subscriptions in arrears ₹ 2,000 and Outstanding Salary ₹ 6,000.

(ii) The Club had 75 members each paying an annual subscription of ₹ 1,000.

(iii) Charge depreciation on Furniture @ 10% p.a. *4*

**19.** Vasudha and Dewan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3. The firm was dissolved on 31st March, 2019. After transfer of assets (other than cash) and external liabilities to Realization Account, the following transactions took place :

(i) Investments of the face value of ₹ 60,000 were sold in the open market for ₹ 63,000 for which a commission of ₹ 700 was paid to the broker.

(ii) Creditors worth ₹ 65,000 were settled by handing over the entire stock to them along with a payment of ₹ 23,000 by cheque.

(iii) पुराना फर्नीचर था जिसे फर्म की पुस्तकों से पूर्ण रूप से अपलिखित कर दिया गया था । इसे वसुधा ने ₹ 2,000 में ले लिया ।

(iv) दीवान ने श्रीमती दीवान के ₹ 45,000 के ऋण भुगतान की सहमति दी ।

(v) दीवान को विघटन प्रक्रिया की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया जिसके लिए उसे ₹ 7,000 पारिश्रमिक दिया जाएगा । वह विघटन व्यय वहन करने के लिए सहमत हो गया । वास्तव में दीवान द्वारा ₹ 11,000 व्यय किए गए जिसका भुगतान फर्म ने किया ।

(vi) विघटन पर ₹ 9,000 की हानि हुई ।

फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों का लेखा करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *6*

**20.** निम्न लेनदेनों के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) आनंद लिमिटेड ने ₹ 4,80,000 लागत की मशीनरी क्रय के लिए विक्रेताओं को ₹ 500 प्रत्येक के 800, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 20% के प्रीमियम पर किया ।

(ii) डावर लिमिटेड ने ₹ 200 प्रत्येक के 5,000, 7% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% के प्रीमियम पर किया । इन ऋणपत्रों का शोधन 10% के प्रीमियम पर करना था ।

(iii) नॉवल्टी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 1,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% के बट्टे पर किया । इन ऋणपत्रों का शोधन 10% के प्रीमियम पर करना था । *6*

**अथवा**

(i) 1 अप्रैल, 2019 को ब्राइट लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 4,00,000, 6% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% बट्टे पर किया । इनका शोधन तीन वर्षों के पश्चात् करना था । प्रति ऋणपत्र राशि का भुगतान निम्न प्रकार से था :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | – | ₹ 80 प्रति ऋणपत्र |
| आबंटन पर | – | शेष |

ऋणपत्र पूर्णत: अभिदत्त हुए तथा सभी राशि प्राप्त हो गई ।

ऋणपत्रों के निर्गमन पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(ii) दिशा लिमिटेड ने कृति लिमिटेड की ₹ 8,00,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 3,00,000 की देयताओं का ₹ 6,00,000 के क्रय मूल्य पर अधिग्रहण किया । भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 20% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया ।

दिशा लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदनों का लेखा करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *6*

(iii) There was old furniture which had been completely written off from the books of the firm. It was taken over by Vasudha at ₹ 2,000.

(iv) Dewan undertook to pay Ms. Dewan's loan of ₹ 45,000.

(v) Dewan was appointed to look after the process of dissolution for which he was allowed a remuneration of ₹ 7,000. He agreed to bear the dissolution expenses. Actual expenses incurred by Dewan were ₹ 11,000, which were paid by the firm.

(vi) Loss on realisation amounted to ₹ 9,000.

Pass the necessary journal entries to record the above transactions in the books of the firm. *6*

**20.** Pass the necessary journal entries for the issue of debentures for the following transactions :

(i) Anand Ltd. issued 800, 9% Debentures of ₹ 500 each at a premium of 20%, to the vendors for machinery purchased from them costing ₹ 4,80,000.

(ii) Dawar Ltd. issued 5,000, 7% Debentures of ₹ 200 each at a premium of 5%, redeemable at a premium of 10%.

(iii) Novelty Ltd. issued 1,000, 8% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 5%, redeemable at a premium of 10%. *6*

**OR**

(i) On $1^{st}$ April, 2019, Bright Ltd. issued ₹ 4,00,000, 6% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 5%, redeemable after three years. The amount per debenture was payable as follows :

| | | |
|---|---|---|
| On Application | – | ₹ 80 per debenture |
| On Allotment | – | Balance |

The debentures were fully subscribed and all money was duly received.

Pass necessary journal entries for issue of debentures.

(ii) Disha Ltd. took over assets of ₹ 8,00,000 and liabilities of ₹ 3,00,000 from Kriti Ltd. for a purchase consideration of ₹ 6,00,000. The payment was made by issue of 9% Debentures of ₹ 100 each at 20% premium.

Pass the necessary journal entries for the above transactions in the books of Disha Ltd. *6*

**21.** राठी लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 अंशों को ₹ 2 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । प्रति अंश राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | – ₹ 4 (₹ 1 प्रीमियम सहित) |
| आबंटन पर | – ₹ 4 (₹ 1 प्रीमियम सहित) |
| प्रथम तथा अन्तिम याचना पर | – शेष |

1,50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा आवेदकों को आबंटन निम्न प्रकार से किया गया :

(i) 80,000 अंशों के आवेदकों को 60,000 अंश आबंटित किए गए ।

